epaper
हिन्दुस्तान

व्यापारियों ने ई-कॉमर्स नीति बनाने की मांग की

23/05/2022

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने राज्य सरकार से बजट में ई-कॉमर्स नीति बनाने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा देश के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न प्रकार के छद्म तरीके अपनाते हुए किए जा रहे व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए ई-कॉमर्स नीति बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के व्यापारियों के कारोबार को ई-कॉमर्स के माध्यम से बढ़ाने के लिए राज्य स्तर पर सरकार द्वारा स्वयं अथवा पीपीपी मॉडल पर व्यापारियों के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वदेशी ई-कॉमर्स पोर्टल तैयार किया जाए।